# आभार

सत्र २०१५–१६ के क्रीड़ा कार्यक्रमों को सम्पन्न कराने में मैं सबसे पहले महाविद्यालय के प्रबन्धतंत्र एवं प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव के प्रति हृदय से आभार ज्ञापित करता हूँ। यह संस्था स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत संचालित है, हम सभी जानते हैं कि ऐसी संस्थाओं में क्रीड़ा इत्यादि पर धनराशि व्यय करने में कठिनाई होती है। लेकिन महाविद्यालय ने क्रीड़ा विभाग को प्रोत्साहित करने हेतु जितने भी साजो–समान की आवश्यकता हुई सहर्ष स्वीकृत प्रदान करके हम सबका उत्साह बढ़ाया और शिक्षा के साथ–साथ शारीरिक विकास को सम्बल प्रदान किया गया। मैं महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. विजय कुमार चौधरी, श्रीमती कविता मन्ध्यान, डॉ. अंशुमान सिंह, श्री गोविन्द वर्मा, श्री मंजेश्वर, श्री भूपेन्द्र गुप्ता, श्रीमती पूजा पाण्डेय, श्रीमती शिप्रा सिंह, सुश्री दीप्ती गुप्ता, डॉ. अविनाश प्रताप सिंह, श्री संजय कुमार शर्मा, डॉ. नन्दन शर्मा, डॉ. प्रकाश प्रियदर्शी, डॉ. शुभ्रांशु शेखर सिंह, श्री झब्बर शर्मा, श्री रामरतन, श्री ओमप्रकाश एवं श्री विश्वनाथ, श्री लालसा, श्री राम आशीष के प्रति भी आभार ज्ञापित करता हूँ क्योंकि आप सबके सहयोग के बिना निश्चित ही यह आयोजन सम्भव नहीं हो सकता था। भारत–भारती पखवारे में सम्पन्न हुए प्रतियोगिता में उन सभी निर्णायकों –श्री गौरव, श्री शिव शंकर, श्री रजई निराला, श्री मुकेश कश्यप, श्री देवाशीष शुक्ला के प्रति मैं हृदय से आभारी हूँ। अन्त में मैं छात्रसंघ, क्रीड़ा समिति के सदस्यों के प्रति आभारी हूँ जिनका खेल को गति प्रदान करने में अथक प्रयास अनुकरणीय है।

**डॉ. मृत्युंजय सिंह**
क्रीड़ा अधीक्षक











# डॉ. अब्दुल कलाम स्मृति कैरम प्रतियोगिता

## 15 अक्टूबर, 2015

दिनांक 15 अक्टूबर, 2015 को डॉ. अब्दुल कलाम के जन्म दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग में 07 टीमों तथा बालिका वर्ग में 06 टीमों ने भागीदारी किया। बालक वर्ग के फाइनल में विशाल सिंह–बी.एस–सी. भाग–एक, अजीत कुमार–बी.एस–सी. भाग–एक को विजेता तथा आशीष राय–एम.ए. प्रथम वर्ष, दीपक सिंह–बी.एस–सी. भाग–तीन को उपविजेता घोषित किया गया।

बालिका वर्ग में ज्योति पाण्डेय–बी.एस–सी. भाग–दो, सीमा गौतम–बी.एस–सी. भाग–एक को विजेता तथा दृष्टि जायसवाल–बी.एस–सी. भाग–एक, नीतू सिंह–बी. एस–सी. भाग–एक को उपविजेता घोषित किया गया। प्रतियोगिता के अन्त में बी.एड. विभाग की प्रवक्ता डॉ. अभिलाषा कौशिक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए डॉ. अब्दुल कलाम के राष्ट्र के प्रति की गई अतुलनीय सेवा को इंगित करते हुए कहा कि यदि युवा चाहे तो कठिन से कठिन चुनौतियों का भी सामना कर सकता है। खेल क्षेत्र में उनका यह बोध वाक्य ‘‘अगर आप सूर्य की तरह चमकना चाहते हैं तो सूर्य की तरह जलना होगा।’’



कैरम प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के विद्यार्थी







कैरम प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के विद्यार्थी











समाचार पत्रों में प्रकाशित...

राष्ट्रीय सहारा

गोरखपुर | शुक्रवार • 16 अक्टूबर • 2015

## ज्योति व सीमा की जोड़ी ने जीती कैरम प्रतियोगिता

गोरखपुर। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जन्म दिवस पर महाराणा प्रताप इंटर कालेज जंगल धूषड़ के क्रीड़ा एवं योग विभाग के तत्वावधान में आयोजित डॉ. अब्दुल कलाम कैरम प्रतियोगिता के बालिका वर्ग के फइनल मुकाबले में बीएससी द्वितीय वर्ष की ज्योति पांडेय व बीएससी प्रथम वर्ष की सीमा गौतम की जोड़ी ने बीएससी प्रथम वर्ष की दृष्टि जायसवाल व नीतू सिंह की जोड़ी को हराकर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। बालकों में बीएससी प्रथम वर्ष के विशाल सिंह व अजीत कुमार की जोड़ी ने एमए प्रथम वर्ष के आशीष राय व बीएससी तृतीय वर्ष के दीपक सिंह की जोड़ी को हराकर विजेता होने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में 7 व बालिका वर्ग में 6 टीमों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बीएड विभाग की प्रभारी अभिलाषा कौशिक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए डॉ. कलाम के व्यक्तित्व व कृतित्व के बारे में परिचित कराया। इस अवसर पर डॉ. मृत्युंजय कुमार ने सभी के प्रति आभार जताया।











# महाविद्यालय संस्थापक सप्ताह समारोह

## 26 नवम्बर, 2015

26 नवम्बर, 2015 को संस्थापक सप्ताह समारोह के अन्तर्गत वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालक वर्ग में गुरू श्रीगोरक्षनाथ एवं योगिराज बाबा गम्भीरनाथ टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमें योगिराज बाबा गम्भीरनाथ टीम ने गुरू श्रीगोरक्षनाथ की टीम को 25-17, 21-25 एवं 25-16 से हराकर विजेता का पदक प्राप्त किया। योगिराज बाबा गम्भीरनाथ टीम की तरफ बी.ए.-भाग-तीन के छात्र श्री विरेन्द्र प्रताप सिंह का प्रदर्शन सराहनीय रहा। बालिका वर्ग में फाइनल में रानी लक्ष्मीबाई टीम एवं मीराबाई टीम के बीच सम्पन्न हुई। जिसमें रानी लक्ष्मीबाई टीम ने मीराबाई टीम को 25-15, 25-22 से हराकर विजेता का पदक प्राप्त किया। इस अवसर पर पूर्व क्रीड़ा प्रभारी संजय कुमार शर्मा श्री अमित कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा खिलाड़ियों से अच्छे खेल की अपील की तथा इस अवसर पर श्री रजई निराला, श्री झब्बर शर्मा, डॉ. प्रवीन्द्र कुमार शाही एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव उपस्थित रहें।



वालीबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के विद्यार्थी



वालीबाल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए पूर्व क्रीड़ा प्रभारी संजय कुमार शर्मा





वालीबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के छात्र/छात्राएं















वालीबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय की छात्राएं



वालीबाल प्रतियोगिता के दौरान लाइन-अप में खिलाड़ी













वालीबाल प्रतियोगिता में ब्लाक के लिए तैयार सिद्धार्थ द्विवेदी



वालीबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी

## समाचार पत्रों में प्रकाशित...

राष्ट्रीय सहारा

गोरखपुर । शुक्रवार • 27 नवम्बर • 2015

### बाबा गंभीरनाथ की टीम विजयी

गोरखपुर (एसएनबी)। महाराणा प्रताप पीजी कालेज जंगल धूसड़ में गुरूवार को आयोजित वालीबाल प्रतियोगिता के फाइनल में योगीराज बाबा गंभीरनाथ टीम ने श्री गोरक्षनाथ टीम को रोमांचक मुकाबले में 25-17, 21-25 व 25-16 से हरा दिया। योगीराज बाबा गंभीरनाथ की ओर से बीए भाग तीन के छात्र वीरेंद्र प्रताप सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग के फाइनल मैच में रानी लक्ष्मीबाई टीम ने मीराबाई टीम को सीधे सेटों में 25-15 व 25-22 से हरा दिया। इस अवसर पर पूर्व क्रीड़ा पदाधिकारी संजय कुमार शर्मा, अमित कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर क्रीड़ा अधीक्षक डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह ने सभी के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में रजई निराला, झब्बर शर्मा, डॉ. प्रवींद्र शाही, प्राचार्य डॉ. प्रदीप रॉव आदि लोग उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण

गोरखपुर, 27 नवंबर 2015

### बाबा गंभीरनाथ टीम ने जीता वालीबाल मैच

गोरखपुर : बाबा गंभीरनाथ टीम ने गुरु गोरक्षनाथ टीम को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। बालिका वर्ग में रानी लक्ष्मीबाई टीम विजेता बनी। एमपीपीजी कालेज जंगल धूसड़ में संस्थापक सप्ताह के अंतर्गत गुरुवार को वालीबाल प्रतियोगिता आयोजित की गई। बालक वर्ग में गुरु गोरक्षनाथ व बाबा गंभीरनाथ के बीच फाइनल खेला गया। जिसमें विरेंद्र प्रताप सिंह की बदौलत गंभीरनाथ टीम ने 25-17, 21-25 और 25-16 से ट्रॉफी अपने नाम की। बालिका वर्ग में रानी लक्ष्मीबाई टीम मीराबाई टीम को 25-15 व 25-22 से हराकर विजेता बनी।

हिन्दुस्तान

गोरखपुर • शुक्रवार • 27 नवम्बर 2015

### वालीबाल में गंभीरनाथ और मीराबाई टीम विजयी

गोरखपुर। महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज में गुरुवार को संस्थापक सप्ताह समारोह के तहत हुई वालीबाल प्रतियोगिता में बालक वर्ग में योगीराज बाबा गंभीरनाथ की टीम विजयी हुई। टीम ने गुरु गोरक्षनाथ टीम को तीन सेट में 25-17, 21-25, 25-16 से हराकर खिताब अपने नाम किया। टीम के विरेन्द्र प्रताप सिंह का प्रदर्शन सराहनीय रहा। महिला वर्ग के फाइनल में रानी लक्ष्मीबाई टीम ने मीराबाई को 25-15, 25-22 से हराया।

अमर उजाला

गोरखपुर । शुक्रवार । 27 नवंबर 2015

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बाबा गंभीरनाथ ने खिताब जीता

गोरखपुर। महाराणा प्रताप पी0जी0 कालेज, जंगल घूसड़, गोरखपुर में संस्थापक सप्ताह समारोह बृहस्पतिवार को वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालक वर्ग में योगीराज बाबा गंभीरनाथ ने गुरु श्री गोरक्षनाथ 2-1 से हरा दिया। बालक वर्ग में गुरु श्रीगोरक्षनाथ एवं योगीराज बाबा गम्भीरनाथ के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमें योगीराज बाबाब गम्भीरनाथ टीम ने गुरु श्रीगोरक्षनाथ टीम को 25-17, 21-25 एवं 25-16 से हराकर विजेता हुई। योगीराज बाबा गम्भीरनाथ की टीम के तरफ से बी.ए. भाग-तीन के छात्र विरेन्द्र प्रताप सिंह का प्रदर्शन सराहनीय रहा।बालिका वर्ग में फाइनल मैच रानी लक्ष्मीबाई एवं मीराबाई टीम के बीच हुआ। जिसमें रानी लक्ष्मीबाई टीम ने मीराबाई टीम को 25-15 एवं 25-22 से हराकर विजेता हुई। इस अवसर पर पूर्व क्रीड़ा प्रभारी संजय कुमार शर्मा एवं श्री अमित कुमार ने खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर किया। क्रीड़ा अधिक्षर्क डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रजई निराला, झब्बर शर्मा, डॉ. प्रवीन्द्र शाही एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप राव उपस्थित रहें।











## महाविद्यालय संस्थापक सप्ताह समारोह

### 27 नवम्बर, 2015

27 नवम्बर, 2015 को संस्थापक सप्ताह समारोह के अन्तर्गत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फाइनल मैच युग पुरूष महन्त दिग्विजयनाथ और राष्ट्रसन्त महन्त अवेद्यनाथ टीम के बीच खेला गया। जिसमें महन्त युग पुरूष महन्त दिग्विजयनाथ की टीम ने राष्ट्रसन्त महन्त अवेद्यनाथ की टीम को 21-19 से हराकर विजयश्री का खिताब अपने नाम किया। युग पुरूष महन्त दिग्विजयनाथ की टीम से बी.काम. प्रथम वर्ष के छात्र अनिकेत मिश्रा का प्रदर्शन सराहनीय रहा। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता डॉ. के.के. पाठक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन के लिए अत्यन्त ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने अरस्तू के कथन की याद दिलाते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है।



कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता डॉ. कृष्ण कुमार पाठक















कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के छात्र







कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के छात्र













राष्ट्रीय सहारा
गोरखपुर । शनिवार • 28 नवम्बर • 2015

## कबड्डी : महंत दिग्विजयनाथ की टीम ने जीती ट्राफी

गोरखपुर (एसएनबी)। महाराणा प्रताप पीजी कालेज जंगल धूसड़ में चल रहे संस्थापक समारोह के अंतर्गत शुक्रवार को आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मैच में महंत दिग्विजयनाथ की टीम ने महंत अवेद्यनाथ की टीम को 21-19 से हराकर खिताब पर कब्जा कर लिया। विजयी टीम से बीकाम प्रथम वर्ष के छात्र अनिकेत मिश्र ने सराहनीय प्रदर्शन किया।

राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता डॉ. केके पाठक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। क्रीड़ा अधीक्षक डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह ने सभी के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर झब्बर शर्मा, डॉ. प्रवींद्र शाही, प्राचार्य डॉ. प्रदीप राव आदि लोग उपस्थित रहे।





अमर उजाला
गोरखपुर । शनिवार । 28 नवंबर 2015

## महंत दिग्विजयनाथ की टीम चैंपियन

गोरखपुर। महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज संस्थापक सप्ताह समारोह कबड्डी प्रतियोगिता में महंत दिग्विजयनाथ की टीम चैंपियन बनी। महंत अवेद्यनाथ की टीम को दो अंकों से हराया।











# राम प्रसाद बिस्मिल स्मृति कैनवास बाल क्रिकेट प्रतियोगिता

## 21 दिसम्बर, 2015

खेल भावना एकता स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। अनुशासन और आत्म नियंत्रण की चेतना का विकास तीव्र गति से विद्यार्थियों में हो इसके लिए शिक्षा के साथ खेल में सहभागिता भी आवश्यक होती है। सामूहिकता के साथ निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति का सतत् प्रयास करने की आदत खेल के माध्यम से विकसित किया जा सकता है। आज के बाजारवादी युग जो पूरी तरह से आत्म केन्द्रित होता जा रहा है, इसमें मिल-जुल कर एक साथ आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करने में टीम भावना का सार्थक प्रयास महत्वपूर्ण साबित होगा। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने कही।

प्रतियोगिता का फाइनल मैच छात्रसंघ की टीम एवं कला संकाय की टीम के बीच खेला गया। छात्रसंघ की टीम ने 12 ओवरों में 52 का रन का लक्ष्य कला संकाय की टीम को दिया। कला संकाय की टीम 11.3 ओवरों में 49 रनों पर सिमट गयी। इस प्रकार छात्रसंघ की टीम ने विजयश्री का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में मैन ऑद दी सिरिज का पुरस्कार छात्रसंघ टीम के खिलाड़ी सतीश कुमार चौरसिया ने प्राप्त किया जबकि मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कला संकाय की टीम से अमित बच्चन को प्राप्त हुआ। निर्णायक के रूप में डॉ. शुभ्रांशु शेखर सिंह तथा डॉ. अंशुमान सिंह ने अहम भूमिका निर्वहन किया।



क्रिकेट प्रतियोगिता में स्ट्रोक लगाते हुए खिलाड़ी


















क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए डॉ. प्रवीन्द्र कुमार शाही





क्रिकेट प्रतियोगिता में उपविजेता का पुरस्कार प्रदान करते हुए डॉ. विजय कुमार चौधरी



क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता का पुरस्कार प्रदान करते हुए डॉ. विजय कुमार चौधरी













टॉस कराते हुए डॉ. शुभ्रांशु शेखर सिंह







क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए महाविद्यालय के छात्र

समाचार पत्रों में प्रकाशित...

स्वतंत्र भारत
लखनऊ, मंगलवार, 22 दिसम्बर 2015

## कला संकाय को हराकर विजेता बना छात्रसंघ



गोरखपुर। महाराणा प्रताप पी0जी0 कालेज, जंगल धूसड़ में आयोजित राम प्रसाद बिस्मिल स्मृति अन्तर संकाय कैनवस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच छात्र संघ और कला संकाय के बीच खेला गया। छात्र संघ की टीम ने कला संकाय को हरा कर विजेता का पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरिज का पुरस्कार छात्र संघ टीम के खिलाड़ी सतीश कुमार चौरसिया ने प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के फाइनल मैच के प्रारम्भ में भूगोल विभाग के प्रवक्ता डा0 प्रवीन्द्र कुमार शाही ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि" युवाओं में सामाजिक भावना का विकास खेल के माध्यम से होता है। "प्रतियोगिता के समापन समारोह में भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 विजय कुमार चौधरी ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि खेल से व्यक्ति के नैसर्गिक गुणों का विकास होता है।


इस अवसर पर बी0एड0 विभाग के शारीरिक शिक्षक एवं क्रीड़ा प्रभारी डा0 मृत्युंजय सिंह, डा0 अविनाश प्रताप सिंह, डा0 शुभ्रांशु शेखर सिंह, डा0 अंशुमान सिंह, आशीष राय सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहें।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 22 दिसम्बर, 2015

## सामाजिक भावना का विकास खेल से: डा. प्रवीन्द्र

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

महाराणा प्रताप पीजी कालेज, जंगल धूसड़ में आयोजित रामप्रसाद बिस्मिल स्मृति अन्तर संकाय कैनवस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच छात्र संघ और कला संकाय के बीच खेला गया। छात्र संघ की टीम ने कला संकाय को हराकर विजेता का पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में मैन ऑफद सीरीज का पुरस्कार छात्र संघ टीम के खिलाड़ी सतीश कुमार चौरसिया ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के फाइनलमैच के प्रारम्भ में भूगोल विभाग के प्रवक्ता डा. प्रवीन्द्र कुमार शाही ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि युवाओं में सामाजिक भावना का विकास खेल के माध्यम से होता है। प्रतियोगिता के समापन समारोह में भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डा. विजय कुमार चौधरी ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि खेल से व्यक्ति के नैसर्गिक गुणों का विकास होता है। इस अवसर पर बीएड विभाग के शारीरिक शिक्षक एंव क्रीड़ा प्रभारी डा. मृत्युंजय सिंह, डा. अविनाशप्रताप सिंह, डा. शुभ्रांशु शेखर सिंह, डा. अंशुमान सिंह, आशीष राय सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहें।














समाचार पत्रों में प्रकाशित...

लखनऊ, रविवार, 20 दिसम्बर, 2015 सिटी टाइम्स

# भावनात्मक एकता का सशक्त माध्यम खेल : डा. अविनाश



महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़ में राम प्रसाद बिस्मिल स्मृति कैनवास क्रिकेट प्रतियोगिता।

कार्यालय संवाददाता, गोरखपुर। खेल भावनात्मक एकता का सशक्त माध्यम है। अनुशासन और आत्म नियंत्रण की चेतना का विकास तीव्र गति से विद्यार्थियों में हो सके इसके लिए शिक्षा के साथ खेल में सहभागिता भी आवश्यक होती है। सामूहिकता के साथ निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति का सतत् प्रयास करने की आदत खेल के माध्यम से विकसित किया जा सकती है। आज का बाजारवादी युग जो पूरी तरह से आत्म केन्द्रित होता जा रहा है, उसमें मिल-जुलकर एक साथ आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करने में टीम भावना का प्रयास महत्वपूर्ण साबित होगा।

उक्त बातें महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़ में राम प्रसाद बिस्मिल स्मृति कै नवास क्रि केट प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने कहा।

उद्घाटन मैच में कला संकाय एकादश और विज्ञान संकाय एकादश के मध्य खेला गया। जिसमें विज्ञान संकाय ने टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। कला संकाय ने कुल 49 रन का लक्ष्य दिया। लेकिन विज्ञान संकाय 35 रन पर आलआउट हो गयी। जबकि दूसरा मैच गम्भीरनाथ सेवाश्रम एवं वाणिज्य संकाय के मध्य खेला गया। इस अवसर पर बी.एड. विभाग के शारीरिक शिक्षक एवं क्रीड़ा प्रभारी डॉ. मृत्युंजय सिंह, श्री नन्दन शर्मा, डॉ. शुभ्रांशु शेखर सिंह, श्री आशीष राय, श्री शिवशंकर, श्री बलवन्त कुमार मौर्य, श्री रवि प्रताप नागवंशी, दीपक मिश्रा सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहें।

स्वतंत्र भारत
लखनऊ, रविवार, 20 दिसम्बर 2015

# एकता स्थापित करने का सशक्त माध्यम है खेल-डॉ. अविनाश



गोरखपुर। खेल भावना एकता स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। अनुशासन और आत्म नियंत्रण की चेतना का विकास तीव्र गति से विद्यार्थियों में हो सके इसके लिए शिक्षा के साथ खेल में सहभागिता भी आवश्यक होती है। सामूहिकता के साथ निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति का सतत् प्रयास करने की आदत खेल के माध्यम से विकसित किया जा सकता है। आज के बाजार वादी युग जो पूरी तरह से आत्म केन्द्रित होता जार हा है, उस में मिल-जूलकर एक साथ आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करने में टीम भावना का सार्थक प्रयास महत्वपूर्ण सावित होगा।

उक्त बातें महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़ में राम प्रसाद बिस्मिल स्मृति कैनवास क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने कहा। उद्घाटन मैच में कला संकाय एकादश और विज्ञान संकाय एकादश के मध्य खेला गया। जिसमें विज्ञान संकाय ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्र रक्षण करने का निर्णय लिया। कला संकाय ने कुल 49 रन का लक्ष्य दिया। लेकिन विज्ञान संकाय 35 रन पर आल आउट हो गयी। जबकि दूसरा मैच गम्भीर नाथ सेवाश्रम एव वाणिज्य संकाय के मध्य खेला गया।

इस अवसर पर बी.एड. विभाग के शारीरिक शिक्षक एवं क्रीड़ा प्रभारी डॉ. मृत्युंजय सिंह, श्रीनन्दन शर्मा, डॉ. शुभ्रांशु शेखर सिंह, आशीश राय, शिव शंकर, बलवन्त कुमार मौर्य, रवि प्रताप नागवंशी, दीपक मिश्रा सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहें।











स्वतंत्र चेतना
गोरखपुर, मंगलवार 22 दिसम्बर, 2015

# छात्र संघ ने कला संकाय को हराया

गोरखपुर। महाराणाा प्रताप पीजी कालेज, जंगल धूसड़ मे आयोजित राम प्रसाद बिस्मिल स्मृति अन्तर संकाय कैनवस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच छात्र संघ और कला संकाय के बीच खेला गया। छात्र संघ की टीम ने कला को हरा कर विजेता का पदक प्राप्त किया। मैन आफ

**□ कैनवस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का खेला गया फाइनल मैच**

द सिरीज का पुरस्कार सतीश कुमार चौरसिया को मिला।

प्रतियोगिता के फाइनल मैच में भूगोल विभाग के प्रवक्ता डा.प्रवीन्द्र शाही ने खिलाडियो से परिचय प्राप्त करते हुए कि युवाओ में सामाजिक भावना का विकास खेल के माध्यम से होता है। प्रतियोगिताा के समापन समारोह में भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डा.विजय कुमार चौधरी ने खिलाडियो को पुरस्कृत करते हुए कहा कि खेल से व्यक्ति के नैसर्गिक गुणों का विकास होता है।इस अवसर पर बीएड विभाग के शारीरिक शिक्षक एवं क्रीडा प्रभारी डा.मृत्युजंय, अविनाश, डा.अंशुमान, आशीष राय सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहें।

















# भारत-भारती पखवारा के अन्तर्गत
# गुरू श्रीगोरक्षनाथ स्मृति वालीबाल प्रतियोगिता

## 18 जनवरी, 2016

भारत–भारती पखवारा के अन्तर्गत 18 जनवरी 2016 को गुरू श्रीगोरक्षनाथ स्मृति वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 08 टीमों ने प्रतिभाग किया। बालक वर्ग में प्रतियोगिता का फाइनल मैच योगिराज बाबा गम्भीरनाथ सेवाश्रम की टीम और छात्रसंघ की टीम के बीच खेला गया। जिसमें योगिराज बाबा गम्भीरनाथ सेवाश्रम की टीम ने छात्रसंघ की टीम को 25–23, 25–18 और 25–22 से हराकर विजयश्री का खिताब अपने नाम किया।

बालिका वर्ग में फाइनल मैच रानी लक्ष्मीबाई टीम और मीराबाई टीम के बीच खेला गया। जिसमें रानी लक्ष्मीबाई टीम को विजेता तथा मीराबाई टीम को उपविजेता घोषित किया गया। फाइनल मैच में रसायन विज्ञान के प्रवक्ता डॉ. राम सहाय जी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि खेल वह दर्पण है जिसमें व्यक्ति के शिक्षा का परिणाम प्रतिविम्बित होता है।



वालीबाल प्रतियोगिता में स्मैश करते हुए खिलाड़ी



वालीबाल प्रतियोगिता में सर्विस करते हुए खिलाड़ी



वालीबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए खिलाड़ी





वालीबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए खिलाड़ी













वालीबाल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते डॉ. राम सहाय जी



वालीबाल प्रतियोगिता में डिफेंस करते खिलाड़ी